शोभायात्रा | देवशयनी एकादशी पर निकली 12वीं श्री विठ्ठल वारी हरिनाम संकीर्तन शोभायात्रा, पालकी के साथ उमड़ा वारकरी भक्तों का सैलाब

# विठ्ठल... विठ्ठल...' के जयघोष से गूंज उठी संस्कारधानी



**नवभारत, जबलपुर।** देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को संस्कारधानी जबलपुर विठ्ठल भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आई। आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल के तत्वावधान में आयोजित 12वीं श्री विठ्ठल वारी हरिनाम संकीर्तन एवं शोभायात्रा में सैकड़ों वारकरी भक्त 'विठ्ठल... विठ्ठल... जय हरि विठ्ठल' के जयघोष और हरिनाम संकीर्तन के साथ शहर की सड़कों पर निकले। श्रद्धा, अनुशासन और मराठी संस्कृति की छटा से सजी इस शोभायात्रा ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा का शुभारंभ दत्त मंदिर, गोलबाजार से हुआ। यात्रा नेशनल हॉस्पिटल, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज, कमानिया गेट, सराफा बाजार और कोतवाली होते हुए हनुमानताल स्थित श्री विठ्ठल-रखुमाई मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया तथा अनेक स्थानों पर जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई।

### श्रद्धालुओं ने धारण की पारंपरिक वेशभूषा

पुरुष श्रद्धालु सफेद कुर्ता-पायजामा और महिलाएं पारंपरिक मराठी वेशभूषा में मयूरपंखी रंग की साड़ियों से सुसज्जित होकर शामिल हुईं।

### बैंड और ढ़ोल की रही आकर्षक प्रस्तुति

विठ्ठल बैंड, ढोल-ताशों की गूंज, मातृशक्ति के लेझिम दल की आकर्षक प्रस्तुति तथा पालकी में विराजित संत ज्ञानेश्वर महाराज की पावन पादुकाओं ने शोभायात्रा को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। हरिनाम संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ते वारकरी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

शोभायात्रा में पूर्व महापौर डॉ. स्वाति सदानंद गोडबोले, मराठी साहित्य अकादमी के डायरेक्टर संतोष गोडबोले, पार्षद प्रतिभा भापकर सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विठ्ठल वारी यात्रा में जगतगुरु श्रीराजारामाचार्य, जगतगुरु श्रीराधवदेवाचार्य, महंत रामजी शरण महाराज, महंत प्रकाशानंद, महंत राम भारती, महंत योगी राजेशारावनंद, , श्रीं रामेश्वरानंद, श्रीराधेश्वरानंद, महंत सुरेश नारायण, आचार्य शुभम प्रपानाचार्या, हिमांशु भैया, सहित संत महात्माओं की उपस्थिति रही।

श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई की ,श्री विठ्ठल वारी यात्रा में श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई माता के श्रीविग्रह संत ज्ञानेश्वरजी महाराज, संत सेना जी महाराज, संत गजानन महाराज की पालकी रथारूढ होकर भगवान भक्तों को दर्शन दिए।

### सेन समाज ने की महाआरती, पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण

विठ्ठल वारी शोभायात्रा के दौरान भारतीय सेन समाज ने भी संत शिरोमणि सेनजी महाराज के चित्र का पूजन-अर्चन कर भव्य महाआरती की। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास 'काकाजी', शुभाष श्रीवास, दीपनारायण सेन, सीताराम सेन, आनंद सेन, हिमांशु सेन, निक्की सेन सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### हिन्द सनातन संघ का भी स्वागत मंच

वहीं हिन्द सनातन संघ द्वारा भी शोभायात्रा मार्ग पर महाआरती एवं स्वागत मंच लगाया

### संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया पूजन

विठ्ठल-रुक्मिणी पालकी का पूजन कर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इस दौरान अरविंद दुबे, रमेश श्रीवास 'काकाजी', अनीस तिवारी, नवीन शुक्ला, भूरा पहलवान, राजेश सेन, अंकित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र की वारी परंपरा की झलक दिखी जबलपुर में

आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल द्वारा लगातार 12वें वर्ष आयोजित इस वारी ने एक बार फिर महाराष्ट्र की ऐतिहासिक पंढरपुर वारी की परंपरा को जबलपुर में जीवंत कर दिया। भक्ति, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश देती इस यात्रा ने श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और पूरे शहर को विठ्ठलमय बना दिया।

# जिला स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा 27 से

▸ बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता

**जबलपुर नवभारत।** 70वीं जिला शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता बालक एवं बालिका (14, 17 एवं 19 वर्ष) 27 और 28 जुलाई को शामकीय उत्कृष्ट विद्यालय मॉडल स्कूल जबलपुर में आयोजित की जाएगी।

इच्छुक विद्यालय अपने प्रतिभागियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेज एव ऑनलाईन फारवर्डिंग सूची सहित 27 जुलाई को प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक बालिका वर्ग एव दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक बालक वर्ग आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन एवं पांच प्रति में अपने प्रतिभागियों की एलिजिबिलिटी जमा कर उनका वजन (वेट) अनिवार्य रूप से कराएं।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूरी है

केवल उन्हीं विद्यालयों के प्रतिभागियों को 28 जुलाई को प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा, जिनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, फारवर्डिंग सूची एवं दस्तावेज सत्यापन 27 जुलाई को पूर्ण पाया गया होगा।

### महत्वपूर्ण निर्देश

यदि किसी प्रतिभागी का कोई भी आवश्यक दस्तावेज अथवा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अपूर्ण पाई जाती है, तो उसे प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। इसकी सपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

### दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही भाग ले सकेंगे

सभी विद्यालयों के कोच 27 जुलाई को प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक शास.उत्कृष्ट मॉडल विद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन एवं खिलाड़ी का वजन कराना सुनिश्चित करेंगे। 28 जुलाई को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में केवल वही विद्यालय/प्रतिभागी भाग ले सकेंगे, जिनके दस्तावेजों का सत्यापन 27 जुलाई को सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका होगा। अधिक जानकारी हेतु परमजीत सिंह एवं प्रशान्त कुशराम से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर में

### अस्पताल में हंगामा मरीज को देखने पहुंचे युवक की पिटाई

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला आयुष्मान अस्पताल में मरीज को देखने पहुंचे युवक की मरीज के परिजनों ने पिटाई कर दी। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ । पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को रितिक साहू 25 वर्ष निवासी सकरी मोहल्ला खितौला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 2-40 बजे वह आयुष्मान अस्पताल खितौला मनीष झारिया के छोटे भाई सतीष झारिया ने उसे फोन कर बताया कि मैं आयुष्मान अस्पताल में भर्ती हूं आ जाओ, तो वह सतीश झारिया को देखने आयुष्मान अस्पताल पहुंचा वहां सतीष का बड़ा भाई मनीष झारिया उससे बोला कि तुम मेरे भाई को बिगाड़ रहे हो कहते हुये मनीष झारिया, ताजुल मंसूरी व उनके 2 अन्य साथी उसके साथ विवाद करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचा दी ।

### 'देसी' डिप्लोमा के बारे में जानकारी

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय का नया लाइसेंस बनवाने के इच्छुक ऐसे आवेदकों के लिए शनिवार को आधारताल स्थित कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिनके पास बीएससी एग्रीकल्चर या बीएससी रसायन कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र में की डिग्री नहीं है और जो खाद बीज कीटनाशक का व्यापार करना चाहते हैं। आधारताल स्थित कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र में फेसिलिटेटर वी जी गोस्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित किये गये इस प्रशिक्षण में एक वर्षीय देसी डिप्लोमा (डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स) की तथा कृषि संबंधी नियमों की विस्तार से जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। उप संचालक कृषि एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों को उर्वरक गुण नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 इसकी व्यावहारिक कार्यप्रणाली के बारे में समझाया। उन्होंने नया लाइसेंस प्राप्त करने के बाद दुकान के रिकॉर्ड का सही रख-रखाव करने तथा सैंपल लेने एवं देने की प्रक्रिया और नियमों के बारे में में भी जानकारी दी।

# विकसित भारत एवं कारगिल विजय दिवस पर फोटो प्रदर्शनी शुरू



**जबलपुर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में 'सेवा सुशासन के 12 वर्ष', 'विकसित भारत' एवं 'कारगिल विजय दिवस' विषय पर आधारित त्रिदिवसीय फोटो प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ए.सी. तिवारी, सीबीसी भोपाल के कार्यालय प्रमुख एवं उपनिदेशक शारिक नूर तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुण शुक्ल ने किया। नूर ने प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, जनकल्याण, विकास, विभिन्न केंद्रीय योजनाओं, विकसित भारत के संकल्प तथा कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

प्रभारी प्राचार्य तिवारी ने कहा कि प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलेगी, जबकि डॉ. शुक्ल ने कहा कि इससे युवाओं में देशभक्ति की भावना और कारगिल के वीर शहीदों के प्रति सम्मान का भाव विकसित होगा। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नमंच तथा गीत-नाटक दल की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। संचालन सीबीसी जबलपुर के प्रभारी एस.के. चौकसे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय करौंदीग्राम में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** सांदीपनि विद्यालय करौंदीग्राम में 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़े' के अंतर्गत शनिवार को 'एक पेड़ गुरु के नाम' विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधे रोपे। इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों की भी उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। प्राचार्य जी पी झारिया की प्रेरणा से आयोजित इस अभियान में सभी ने मिलकर परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वृक्षों का महत्व बताते हुए उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई।

# जुआ के फड़ पर छापा, 10 जुआरी गिरफ्तार

▸ सीधे एसपी को मिली थी सूचना, नगदी 40 हजार, 9 मोबाइल जब्त



**नवभारत, जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत भानतलैया शराब दुकान के पास टपरा के पास सजे जुआ फड़ पर पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम ने छापा मार कार्यवाही कर दी। अचानक कार्यवाही से जुआरियों में अफरा तफरी एवं भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान पुलिस ने 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से नगदी 40 हजार, 9 मोबाइल जप्त किए गए।

जानकारी के अनुसार भानतलैया शराब दुकान के पास टपरा के पास जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिसकी सूचना सीधे पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय को मिली थी।

जिसके बाद एएसपी शहर आयुष जाखड़ द्वारा सूचना की तस्दीक कराई गई और बेलबाग टीआई जितेन्द्र पाटकर ने अपनी टीम के साथ छापेमारी कर दी। घेराबंदी कर जुआरी निकेश सोनकर 38 वर्ष निवासी प्रेमसागर, सुरेन्द्र चौधरी 32 वर्ष निवासीभानतलैया, अमन सोनकर 28 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला, नरेश बर्मन 34 वर्ष निवासी फूटाताल, मनोज चौधरी 32 वर्ष , राकेश चौधरी 26 वर्ष, आकाश चौधरी 32 वर्ष, नरेन्द्र चौधरी 35 वर्ष, धर्मेन्द्र चौधरी 34 वर्ष, संदीप चौधरी 34 वर्ष सभी निवासी भानतलैया को दबोचा गया। जुआड़ियों के पास व फड़ से ताश पत्ते की 4 गड्डी, नगदी 40 हजार 550 रूपये, विभिन्न कम्पनी के 9 मोबाइल जप्त किया गया ।



### सृष्टि केसरवानी का निधन

**नवभारत, जबलपुर।** रामपुर निवासी स्वर्गीय भोलानाथ स्व. रामचंद्र केसरवानी के पुत्र सुमित केसरवानी की पुत्री सुश्री सृष्टि केसरवानी (20 वर्ष) का संस्कार की बहन का अचानक जम्मू कश्मीर में स्वर्गवास हो गया। अंतिम यात्रा उनके गृह निवास रामपुर मिलन कॉलोनी से 26 जुलाई को प्रात: 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम प्रस्थान करेगी।

# बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ बढ़कर 3068 करोड़ हुआ

**नवभारत, जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने 30 जून को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए है। इस तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा साल-दर-साल 36.23 प्रतिशत की शानदार बढ़त के साथ 3,068 करोड़ रुपए पर पहुँच गया है। बैंक ने अपनी संपत्तियों और इक्विटी पर मिलने वाले रिटर्न में भी बड़ा सुधार किया है, जो क्रमश: 1.01 प्रतिशत और 16.12 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके अलावा, चालू वित्त वर्ष की इस शुरुआती तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ भी 25.99 प्रतिशत की तगड़ी उछाल मारकर 5,051 करोड़ हो गया है।

**बैंक के वैश्विक बिजनेस में आई बड़ी तेजी-** बैंक के ग्लोबल मिक्स बिजनेस ने रफ्तार पकड़ते हुए साल-दर-साल 16.57 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल की है, जिससे यह जून 2026 में 17,55,699 करोड़ के बड़े आंकड़े पर पहुँच गया। दुनिया भर से बैंक में जमा होने वाला पैसा (वैश्विक जमाराशि) भी 14.90 बढ़कर 9,57,924 करोड़ रुपए हो गया है। कर्ज देने के मामले में भी बैंक आगे रहा और इसका वैश्विक अग्रिम 18.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,97,775 करोड़ हो गया। विदेशी बाजारों की बात करें तो वहां जमाराशि 7.73 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,32,961 करोड़ और विदेशी कर्ज 15.67% बढ़कर 1,23,942 करोड़ रहा।



# किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये : एसपी

▸ अचानक रांझी थाने पहुंचे, हवालात, मालखाना, जब्ती माल, रजिस्टरों को देखा

**नवभारत, जबलपुर।** महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये ।लंबित शिकायतों का शीघ्र संतुष्टीपूर्ण निकाल करें। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा आज रांझी थाने का वार्षिक निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने मालखाने का निरीक्षण करते हुये जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों एवं शिकायत रजिस्टर को चैक किया कि थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं।

इसके साथ ही शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया। थाने में पंजीबद्ध अपराधों की समीक्षा करते हुये लंबित अपराधों के निकाल के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू एवं थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण व गंदगी के विरुद्ध नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** शहर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुगम यातायात से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से शनिवार को नगर निगम मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल के नेतृत्व में संयुक्त दल द्वारा व्यापक अभियान चलाकर सख्त दंडात्मक एवं सुधारात्मक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई नगर निगम मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल की विशेष उपस्थिति में योजनाबद्ध तरीके से बस स्टैंड एवं स्टेडियम परिसर के चारों ओर संचालित की गई। अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर बेतरतीब एवं गलत तरीके से खड़े किए गए वाहनों को संयुक्त दल द्वारा तत्काल जब्त किया गया, जिससे लंबे समय से लग रहे जाम से आम नागरिकों एवं राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करने वाले तथा आसपास गंदगी फैलाने वाले स्थानीय होटल एवं रेस्तरां संचालकों के विरुद्ध मौके पर चालान की सख्त कार्रवाई की गई। नगर निगम मजिस्ट्रेट द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण तथा गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध इस प्रकार का अभियान निरंतर जारी रहेगा। इसके साथ ही आम नागरिकों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की गई है कि वे शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपना नागरिक सहयोग प्रदान करें।

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना सं डिप्टी. सीई-बीआर-एल-जे. बीपी-ओ.टी-01-2026
दिनांक 23.07.26

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए उप. मुख्य. इंजी/पुल/पश्चिम मध्य रेल जबलपुर निम्नलिखित कार्य हेतु ठेकेदारों से खुली निविदा (ई-निविदा) आमंत्रित करते हैं। **विवरण : (1) कार्य का नाम:** BINA - KTE: बड़े पुल नंबर 1167/1 (1167/1A-1166/31A) (गाडाघाट पुल) और 1175/3 (पांघाटा पुल) के लिए स्टील गर्डर को PSC स्लैब से बदलने का प्रस्तावय इसमें 9.14 मीटर गर्डर वाले 6 स्पैन शामिल हैं।, **(2) कार्य की अवधि :** 24 माह मानसून सहित, **(3) निविदा मूल्य :** रू.158666243.89, **(4) बयाना राशि :** रू. 3173300.00, **(5) निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** 14/08/2026 15:00 बजे। निविदा एवं दस्तावेज बेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर होस्ट कर दिया गये है एवं निविदा प्रमुख मुख्य अभियंता, पश्चिम मध्य रेल के कार्यालय इंदिरा मार्केट, जबलपुर नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है (केवल ई निविदा ही स्वीकार की जायेगी) ।

**नोटः-(1)** हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित निविदा में यदि कोई अंतर पाया जाता है तो उस संबंध में अंग्रेजी निविदा में प्रकाशित विवरणों को हीं प्रबल माना जायेगा ।

(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता/पुल/लाईन/मुख्या
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक संघर्ष से केंद्र सरकार को आईना दिखाया



**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जबलपुर एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के नेतृत्व में छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय का जश्न मनाया। इस दौरान विभिन्न कॉलेजों के बीच मिठाइयां बांटी गईं और जोरदार नारेबाजी करते हुए छात्रों ने इसे अपने संघर्ष की जीत बताया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक एवं युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल रजक आशुतोष चौकसे ने कहा कि यह देशभर के छात्रों की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने लोकतांत्रिक संघर्ष से केंद्र सरकार को आईना दिखाने का काम किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'सच के सामने सभी झुकते हैं, बस झुकाने वाला होना चाहिए, यह तो अभी शुरुआत है और छात्रों की एकजुटता की यह जीत शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की लड़ाई जारी रखने का ऐलान है।' इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सचिन रजक, राहुल रजक, आयुष पहाड़िया, अभिनव मिश्रा, निधि पटेल, वैशाली स्वामी, काजल, पूजा, प्राची, आशीष और सुरभि उपस्थित रहे।

# एपीके फाइल भेज हैक किया मोबाइल, खाते से उड़ाए 1 .50 लाख

▸ गूगल से डॉक्टर का नंबर निकालना पड़ा भारी, प्रकरण दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बापूनगर में डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेने के चक्कर में एक व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये की चपत लग गई। जालसाज ने पीड़ित के व्हाट्सएप पर एक खतरनाक एपीके फाइल भेजकर उसका पूरा मोबाइल हैक कर लिया और बैंक खाते को साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बापूनगर निवासी दीपक कुमार रजक (44) की सास उमा रजक की तबीयत बीती 14 जुलाई को अचानक खराब हो गई थी। दीपक ने जल्द इलाज कराने के उद्देश्य से गूगल पर प्रसिद्ध डॉक्टर परिमल स्वामी का नंबर सर्च किया। जब दीपक ने उस नंबर पर फोन लगाया, तो सामने वाले ने क्लीनिक में अत्यधिक भीड़ होने का बहाना बनाया। कथित डॉक्टर के सहायक बनकर बात कर रहे ठग ने दीपक से कहा कि अभी सीधे नंबर नहीं मिल पाएगा, इसके लिए ऑनलाइन टोकन जनरेट करना होगा। टोकन फीस के रूप में मात्र 5 का पेमेंट करने की बात कही गई। इसके बाद शातिर अपराधी ने दीपक के व्हाट्सएप पर एक अज्ञात ,एपीके फाइल भेजी और कहा कि इसे इंस्टॉल करके फॉर्म भरें, तभी पेमेंट का ऑप्शन खुलेगा।

दीपक ने जैसे ही उस फाइल को खोलकर फॉर्म भरा, पेमेंट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद आरोपी ने 50 का पेमेंट करने को कहा, लेकिन वह प्रयास भी विफल रहा। अंत में आरोपी ने कह दिया कि आज नंबर नहीं लग पाएगा और फोन काट दिया। इस बीच उसके इंडियन बैंक के खाते से दो बार में कुल 1 लाख 50 हजार रुपये निकाल लिए गए ।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
पंचम निविदा सूचना

N.I.T.PWD/08/PRO No.422 Date : 25/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारें से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_522585_1<br>Date-29/07/2026 | शीतलामाई बार्ड अंतर्गत गोलू गुप्ता के मकान के पीछे से मनीष मौर्य के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 04 माह<br>3.23 लाख | 2000/-<br>3235/- | 12/08/2026 |
| 2. | 2026_UAD_522585_2<br>Date-29/07/2026 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत रंगनाथ के मकान के पीछे से डी.मोले के मकान तक नाली मरम्मत निर्माण चेंबर एवं बाउंड्रीवाल कार्य। | 04 माह<br>2.45 लाख | 2000/-<br>2454/- | |
| 3. | 2026_UAD_522585_3<br>Date-29/07/2026 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत संदीप नेमा की गली में सड़क एवं संदीप नेमा के मकान के पीछे से नाली मरम्मत कवर्ड एवं चेंबर कार्य। | 04 माह<br>3.77 लाख | 2000/-<br>3775/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर